प्रथम/वर्तमान प्रकाशन: जनवरी 2022
संस्करण: 1
समीक्षा: नवंबर 2025
दस्तावेज़ का प्रकार: नीति
कार्य-क्षेत्र: वैश्विक

DONCASTERS

# वैश्विक रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी नीति

| नीति का नाम |
|---|
| वैश्विक भ्रष्टाचार-रोधी नीति |
| **उद्देश्य** |
| यह नीति दुनिया भर में प्रासंगिक भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु मौजूदा प्रक्रियाओं सबंधी सामान्य मार्गदर्शन और जानकारी प्रदान करती है। |
| **लक्ष्य** |
| इस नीति के लक्ष्य: |
| 1. भ्रष्टाचार का मुकाबला करने हेतु कंपनी की वर्तमान आंतरिक पद्धतियों संबंधी जागरूकता बढ़ाना।<br>2. एक स्पष्ट और तर्कयुक्त ढांचा प्रदान करना, जो कंपनी के कर्मचारियों को इस नीति या किसी भी प्रासंगिक विनियमन के किसी भी उल्लंघन या संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है।<br>3. प्रत्येक देश, जहां हम काम करते हैं, के स्थानीय कानूनों का पालन करना। |
| **दर्शक/श्रोता** |
| यह नीति Doncasters Group के अधीनस्थ सभी कंपनियों पर लागू होती है, जिसमें DPC Holdings Limited के संचालन नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करने वाली सभी कंपनियां शामिल हैं। |
| निम्नलिखित दस्तावेज़ में, Doncasters Group यूनिट को “Doncasters” या “कंपनी” के तौर पर एक-दूसरे के स्थान पर संदर्भित किया गया है। |
| Doncasters यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके हितधारक, जिनमें आपूर्तिकर्ता, सलाहकार और परामर्शदाता आदि शामिल हैं, इस नीति में निर्धारित सिद्धांतों की मर्यादा बनाए रखते हैं और अपने कार्यों में इसी तरह की नीतियां अपनाते हैं। |
| **इस नीति में शामिल है...** |
| 1. परिभाषाएं<br>2. यथोचित परिश्रम और जोखिम<br>3. Doncasters रिश्वतखोरी का मुकाबला कैसे करती है?<br>4. अनुपालन की ज़िम्मेदारी<br>5. रिपोर्टिंग तंत्र |
| **गोपनीयता स्थिति** |
| सार्वजनिक |

| |
|---|
| **स्थानीय अनुकूलन प्राधिकार** |
| हां, यदि अधिक प्रतिबंधक है |
| **दस्तावेज़ मालिक** |
| कानून, अनुपालन और जोखिम |
| **दस्तावेज़ समीक्षक** |
| कार्यकारी |
| **दस्तावेज़ अनुमोदक** |
| निदेशक मंडल |
| **भूमिका** |
| ***"कारोबारी संचालन के उच्च मानक बनाए रखने का मतलब है, अपनी कार्रवाईयों और हम क्या करते हैं, के प्रभाव को समझना और उसके प्रति जवाबदेह होना"*** <br> *माइक क्विन (Mike Quinn)*, CEO |
| Doncasters हमारी आचार-संहिता और हमारे मूल्यों के अनुरूप नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों का सम्मान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। <br> कंपनी एक मज़बूत भ्रष्टाचार-रोधी संस्कृति कायम करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी सभी कानूनों का अनुपालन करने हेतु पूरी तरह वचनबद्ध है तथा यह भी सुनिश्चित करती है कि हमारे या हमारी ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई रिश्वत या अन्य भ्रष्ट भुगतान, ऐसा ही प्रलोभन ना दिया जाए, ना पेशकश की जाए, ना चुना जाए या ना ही प्राप्त किया जाए। |

| परिभाषाएं | |
|---|---|
| रिश्वतखोरी | रिश्वतखोरी को ऐसे भुगतान अथवा धन या किसी मूल्यवान वस्तु के रूप में कुछ भी भुगतान करने के प्रस्ताव, प्राधिकार या वादे के तौर पर परिभाषित किया गया है, जिसमें सार्वजनिक या निजी क्षेत्र के किसी अन्य पक्ष को विधिक चाहे पेशेवर प्रकृति के अनुचित आचरण में शामिल कराके या उसके लिए प्रेरित करके स्वयं के लिए, किसी अन्य व्यक्ति के लिए या कंपनी के लिए कोई अनुचित लाभ प्राप्त किया जाता है। |
| | सार्वजनिक क्षेत्र की रिश्वतखोरी, जिसे प्रायः "विदेशी सार्वजनिक अधिकारियों की रिश्वत" या "सार्वजनिक रिश्वत" कहा जाता है, में शामिल हैं:<br>▪ किसी सरकारी अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को यह जानते हुए भी भुगतान,<br>▪ धन या कोई मूल्यवान वस्तु देने का प्रस्ताव, प्राधिकार या वादा करना कि वह भुगतान या वादा<br>▪ एक अनैतिक इरादे<br>▪ (a) उस व्यक्ति के किसी भी कार्य को प्रभावित करने के उद्देश्य से (b) उस व्यक्ति को अपने विधिसम्मत कर्तव्य के उल्लंघन में कोई भी कार्रवाई करने के लिए या ना करने के लिए प्रेरित करना, (c) अनुचित लाभ प्राप्त करना, या (d) प्रेरित करना कि वह व्यक्ति निर्णय के आधिकारिक नियम को बदलने हेतु अपने प्रभाव का उपयोग करे;<br>▪ कारोबार हासिल करने या उसे बनाए रखने में सहायता या किसी भी व्यक्ति के लिए या उसके साथ कारोबार के संचालन में फ़ायदा। |
| कर्मचारी | 'कर्मचारी' का अर्थ होगा तथा इसमें समाहित होगा - कंपनी के व्यावहारिक वेतन-रजिस्टर में शामिल कोई भी व्यक्ति, जिसमें प्रबंधक और श्रमिक, जो प्रतिनियुक्ति पर हैं, अनुबंध पर कार्यरत,अस्थायी, अंशकालिक, अप्रेंटिस, प्रशिक्षु या सलाहकार के तौर पर काम कर रहे लोग शामिल हैं। |
| यथोचित परिश्रम और जोखिम | |

अधिकारियों और तृतीय पक्षों से संबंधित अन्य कारोबारी मामलों में सभी लेन-देन, सौदेबाज़ी करते समय निम्नलिखित मुद्दों पर सावधानी से विचार करना चाहिए:

1. क्षेत्रीय जोखिम, विशेष तौर पर किसी विशेष देश में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का प्रचलन
2. क्रॉस बोर्डर (आवासी) भुगतान, विशेष तौर पर, जिनमें उपरोक्त बिंदु 1 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शामिल हैं
3. नकद भुगतान के लिए अनुरोध, बिचौलियों या भुगतान करने के अन्य असामान्य तरीकों के माध्यम से भुगतान
4. ऐसी गतिविधि, जिसके लिए कंपनी और/या अन्य लोगों को परमिट या आधिकारिक प्राधिकार प्राप्त करने के अन्य तरीकों का उपयोग करना पड़ता है
5. वस्तुओं के आयात या निर्यात से जुड़ेलेन देन।

## रिश्वतखोरी {के परिणाम

कंपनी और/या कंपनी के भीतर कर्मचारियों को रिश्वतखोरी का दोषी पाया जा सकता है और उन्हें जुर्माने और/या जेल की सज़ा का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही, महंगी कानूनी लागत और बदनामी होने की भी संभावना होती है।

हम रिश्वतखोरी के किसी भी आरोप को बहुत गंभीरता से लेंगे और इस नीति का पालन करने में विफल रहने वाले कर्मचारियों के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## DONCASTERS रिश्वतखोरी का मुकाबला कैसे करती है?

### उच्च-स्तरीय प्रतिबद्धता

Doncasters का प्रबंधन लागू भ्रष्टाचार-रोधी सभी कानूनों का पूरी तरह से पालन करने हेतु प्रतिबद्ध है और किसी भी कारण से, किसी भी समय रिश्वत, भुगतान या सुविधा-भुगतान नहीं करता।

यह वचनबद्धता सरकारी अधिकारियों और ग़ैर-सरकारी अधिकारियों पर लागू होती है।

हम, सभी कर्मचारियों, तृतीय पक्षों या Doncasters का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी भी व्यक्ति या फ़र्म से उम्मीद करते हैं कि वे हमेशा इस नीति का पालन करें। Doncasters को सामान और/या सेवाएं प्रदान करते हुए, इसके साथ ही Doncasters की ओर से प्रतिनिधित्व या कार्य करते समय किसी भी कर्मचारी या तीसरे पक्ष द्वारा की गई रिश्वतखोरी और/या भ्रष्टाचार की कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

Doncasters की यह भी ज़िम्मेदारी है कि वह रिश्वतखोरी रोकने के लिए उसकी ओर से कार्य करने वालों का चयन करते समय और निगरानी करने में उचित सावधानी पर ध्यान दे। तीसरे पक्ष की सेवाएं न्यायोचित होनी चाहिएं और उनका दस्तावेज़ तैयार किया जाना चाहिए तथा अनुबंध देने और किसी भी वित्तीय प्रतिबद्धता से पहले तीसरे पक्ष की छानबीन की जानी चाहिए। Doncasters के सभी कर्मचारियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि तृतीय पक्ष के साथ मौजूदा समझौते संबंधी

बातचीत या उसका नवीनीकरण करते हुए, समझौते में कानूनी टीम द्वारा अनुमोदित रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी प्रावधान शामिल हों।

## संदर्भ-पुस्तिका तथा रिकॉर्ड/आंतरिक नियंत्रण

Doncasters यह सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य आंतरिक नियंत्रण-प्रणाली बनाए रखती है कि उसके वित्तीय रिकॉर्ड, उसके लेनदेन और संपत्तियों के संघटन को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; कि इसके संसाधनों और परिसंपत्तियों का उपयोग केवल निदेशक-मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन के निर्देशों और प्राधिकरणों के अनुसार किया जाता है; और इन नियंत्रणों को रोकने/नज़रअंदाज़ करने या रद्द करने के लिए शक्तियों के सीमांकन को नियोजित किया जाता है।

सभी वित्तीय लेनदेन उचित ढंग से और निष्पक्ष रूप से दर्ज किए जाने चाहिए। कोई भी भुगतान अनुबंध, बिल और रसीद के साथ न्यायोचित ज़रूर ठहराए जाने चाहिए। बिलों और रसीदों में वित्तीय लेनदेन की वास्तविक किस्म दर्शाई जानी चाहिए। निदेशक-मंडल, लेखा-परीक्षक, आंतरिक लेखा-परीक्षक और ऐसा करने का हकदार कोई भी अन्य पक्ष सभी संदर्भ-पुस्तिकाओं और रिकॉर्ड का निरीक्षण कर सकेंगे। जहां भी कोई उचित अनुबंध, ख़रीद संबंधी आदेश, बिल या रसीद न हो, वहां कोई भी भुगतान नहीं किया जाना चाहिए।

## अनुपालन की ज़िम्मेदारी

यह नीति सभी कर्मचारियों और अन्य हितधारकों पर लागू होती है, और यह सुनिश्चित करना सभी की ज़िम्मेदारी है कि इस नीति के अनुसार रिश्वतखोरी को रोका जाए, उसका पता लगाया जाए और इसकी रिपोर्ट की जाए।

## रिपोर्टिंग तंत्र

### प्रबंधन को रिपोर्ट करना

यदि किसी कर्मचारी को लगता है कि वह इस नीति का उल्लंघन कर रहा है या उससे उल्लंघन कराया जा रहा है, तो उसे इस संबंध में अपने लाइन प्रबंधक को बताना चाहिए।

### HR को रिपोर्ट करना

यदि कोई कर्मचारी मौजूदा या संभावित हितों के टकराव की वजह से या प्रतिशोध के डर के कारण अपने लाइन मैनेजर संबंधी मुद्दा उठाने में असहज महसूस करता है, तो वह इस मामले की रिपोर्ट अपने मानव संसाधन (HR) प्रतिनिधि को कर सकता है।

### जनरल काउंसिल और मुख्य जोखिम अधिकारी को रिपोर्ट करना

यदि कोई कर्मचारी हितों के मौजूदा या संभावित टकराव या बदले की कार्रवाई के डर से अपने लाइन प्रबंधक के साथ इस मुद्दे की बात करने में असहज महसूस करता है, तो वह इस बारे में अपने जनरल काउंसिल और मुख्य जोखिम अधिकारी को बता सकता है।

| |
|---|
| अन्य हितधारक भी मुद्दों और चिंताओं संबंधी सीधे जनरल काउंसिल और मुख्य जोखिम अधिकारी को रिपोर्ट कर सकते हैं, जिनसेhelen.barrett-hague@doncasters.com द्वारा संपर्क किया जा सकता है। |
| **स्पीक अप के माध्यम से रिपोर्ट करना** |
| कर्मचारी तथा अन्य हितधारक स्पीक अप सेवा के माध्यम से भी इस नीति के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं।<br>नेवैक्स कंपनी द्वारा स्पीक अप सेवा चलाई जाती है और यह एक बाहरी, स्वतंत्र रिपोर्टिंग सेवा है, जिसे कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा गुमनाम तौर पर कानून, हमारी आचार-संहिता, कॉर्पोरेट मूल्यों और संबंधित नीतियों या निर्देशों के किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करने, जिसमें स्थानीय विनियमों का अनुपालन करना भी शामिल है, हेतु तैयार किया गया है।<br>संपर्क विवरण का ब्यौरा हमारी आचार-संहिता में, प्रत्येक साइट के आस-पास लगे पोस्टरों पर, कर्मचारी ऐप पर और SharePoint पर मिल सकता है। |

| ऑनलाइन रिपोर्ट करें | फोन द्वारा रिपोर्ट करें |
| --- | --- |
| www.doncasters.ethicspoint.com | यूके से:<br>कॉल करें 0800 890 011<br>(कहे जाने पर, डायल करें 833 537 0829)<br><br>USA से:<br>कॉल करें 833-537-0829<br><br>जर्मनी से:<br>कॉल करें 0800 225 5288<br>(कहे जाने पर, डायल करें 833 537 0829)<br><br>भारत से:<br>कॉल करें 000 800 050 3406<br><br>मैक्सिको से:<br>बाहरी कॉल्स के लिए, 800-288-2872 के बाद अपना स्थानीय एक्सेस कोड डायल करें।<br>रिवर्स चार्ज कॉलिंग - स्पेनिश: 800-112-2020<br>(कहे जाने पर, डायल करें 833 537 0829)<br><br>चीन से:<br>400 120 8504 |